# आर्मी पब्लिक स्कूल, उधमपुर

## वार्षिक प्रतिवेदन (ANNUAL REPORT) 2023

**कुशल प्रशासक, उत्तम वक्ता  और शिक्षाविद ज्ञानी।**
**आप हमारे परम शुभचिंतक, सदा प्रगति पथगामी ।।**
**पाकर चरणधूलि आपकी, हुई भूमि यह चंदन |**
**करते हैं हम आप सभी का, हृदय से अभिनंदन।|**

**आदरणीय मुख्य अतिथि महोदय ---------------------------------------------------------------------------------------- एवं विद्यालय सभा मंडप में उपस्थित समस्त अभिभावकगण |**

**मैं आप सबका ए. पी. एस. उधमपुर विद्यालय परिवार की ओर से वार्षिकोत्सव पर  सम्मिलित होने पर तहेदिल से स्वागत करता हूँ जिन्होंने आज यहाँ विद्यालय प्रांगण में अपनी गरिमामयी उपस्थिति के साथ हमारे स्कूल को गौरवान्वित किया । मैं और हमारा पूरा समर्पित शिक्षक दल अपने बच्चों के लिए उनके माता-पिता द्वारा किए गए सतत्  प्रयासों एवं सहयोग की भूरि-भूरि सराहना करता है |**

**मेरे लिए गर्व की बात है कि आप सब महानुभावों के बीच मैं स्कूल की ANNUAL REPORT प्रस्तुत कर रहा हूँ, जो हमारी निरंतर मिल रही उपलब्धियों को शैक्षणिक, खेल, साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के रूप में दिखाती है |**

किसी भी विद्यालय की प्रगति शैक्षणिक उपलब्धियों पर आधारित होती है। इस क्षेत्र में प्रकाश डालते हुए मुझे अत्यंत हर्ष हो रहा है कि स्कूल प्रबंधक एवं शिक्षा जगत के अनुभवी विद्वानों के मार्गदर्शन तथा शिक्षकों के अथक प्रयास के फलस्वरूप कक्षा बारहवीं में मनिका शर्मा तथा आयुषी आभा शर्मा ने 95.2% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया , वहीं दसवीं कक्षा में आयुष्मान द्विवेदी ने 96.2% अंक प्राप्त कर सर्वोत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया | AWES उत्तरी कमान द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शिक्षकों को पुरस्कृत किया जाता है और हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारे विद्यालय की शिक्षिका MS. MINAKSHI SAMBYAL को सत्र 2022-23 के लिए Best PRT Of Northern Command से सम्मानित किया गया |

किसी ने ठीक ही कहा है कि-

जो बीच राह में बैठ गए , वो बैठे ही रह जाते हैं।
जो लगातार चलते रहते हैं , वो निश्चित ही मंजिल पाते हैं।।

आज इस मंच से आप सभी को सूचित करते हुए अपार प्रसन्नता का आभास हो रहा है कि पिछले वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी NDA , IIT व NEET जैसी परीक्षाओं में विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया | NDA-150 batch की परीक्षा में विद्यालय के छात्र मयंक सूदन और रजत सिंह ने SSB साक्षात्कार न केवल उत्तीर्ण किया

अपितु मयंक सूदन ने TES ALL INDIA RANKING में दूसरा स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है | इसी क्रम में छात्र अभिनन्दन ने NDA-151 batch के अंतर्गत SSB साक्षात्कार और इंटर मेडिकल की परीक्षा उत्तीर्ण की , जिसकी अभी मेरिट लिस्ट की प्रतीक्षा है | NEET-2023 परीक्षा में विद्यालय के पाँच विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश प्राप्त किया | साथ ही विद्यालय के छात्र आदर्श शर्मा ने NEET-2023 में उधमपुर जिले में प्रथम स्थान अर्जित करते हुए AIIMS गोरखपुर जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में प्रवेश प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया | इस वर्ष कुल 18 छात्रों ने इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश प्राप्त किया 1 आई०आई०टी में , 03 आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में तथा 14 अन्य छात्रों ने इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश प्राप्त किया | वहीं CUET में लगभग 44 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए और दिल्ली विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी में प्रवेश प्राप्त कर सबके सपनों को साकार किया |

विद्यालय के 4 Alumni रिधम जंडयाल, वागीशा गुप्ता, सत्यम मगोत्रा व श्रेया सलाथिया ने जम्मू-कश्मीर की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा JKAS उत्तीर्ण कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया | भारत के भाग्यविधाता अर्थात विद्यार्थी परीक्षा को लेकर प्रायः चिंतित और भयभीत दिखाई देते हैं उनके मनोबल को बढ़ाने के लिए समय- समय पर शैक्षिक संस्थानों के साथ -साथ भारत सरकार द्वारा यथोचित कदम उठाये जाते हैं इसी के अंतर्गत पिछले वर्ष

भारत सरकार द्वारा आयोजित परीक्षा पे चर्चा के अंतर्गत हमारे विद्यालय की छात्रा ERICA जॉर्ज को भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी से बातचीत करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ , वहीं इस वर्ष में 15 विद्यार्थियों को शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सराहनीय प्रयास के लिए प्रशस्ति-पत्र प्राप्त हुए जो हर्ष का विषय है | यह सभी उपलब्धियाँ स्कूल मैनेजमेंट द्वारा प्राप्त मार्गदर्शन तथा प्रबुद्ध शिक्षकगण के सराहनीय प्रयास के फलस्वरूप ही प्राप्त हो सकी हैं |

हमारा उद्देश्य है कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो , इसको ध्यान में रखते हुए स्कूल में अनेक प्रकार की बौद्धिक प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाती हैं जिसके अंतर्गत Hindi Olympiad, Science Olympiad, Maths Olympiad, Cyber Olympiad, English Olympiad एवं Hindi और English Debate तथा Declamation आदि प्रमुख हैं, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी बौद्धिक क्षमता का शानदार प्रदर्शन प्राप्त कर कुल मिलाकर 277 Gold Medal of Excellence तथा 67 Gold Medal of Distinction प्राप्त किए , जो हम सब के लिए गर्व की बात है |

सत्य ही कहा है –

चलो , चलते रहो , पहचान रुकने से नहीं बनती |
बहे दरिया तो पानी भी , पत्थरों पर नाम लिखता है ||

स्कूल की ओर से विद्यार्थियों के Communication Skill के विकास के लिए गत वर्षों से IIMUN (Indian International Model United Nation) में अपनी विलक्षण प्रतिभा को दर्शाने का एक सराहनीय कदम उठाया गया जिसमें छात्रों ने विशेष रुचि दर्शाते हुए अपनी बौद्धिक क्षमता का बढ़-चढ़कर परिचय दिया।

उत्तरी कमान द्वारा आयोजित AWWA ETHICS BOWL TROPHY - 2023 का आयोजन छात्रों को सहयोगी तर्क और नैतिक मुद्दों पर चर्चा करने की कला में प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से किया गया था। जिसमें हमारे स्कूल के विद्यार्थियों ने Command Champion के तौर पर Northern Command का प्रतिनिधित्व करते हुए National level पर भाग लेकर अपनी विद्वता का परिचय दिया ।

ग्यारहवीं में छात्र क्या विषय चुनें, यह विद्यार्थी के जीवन का बेहद संवेदनशील फैसला होता है। इस संदर्भ में मैं आप सबको सूचित करना चाहता हूँ कि विद्यालय की तरफ से एक नई पहल की गई जिसमें विद्यार्थियों को अलग- अलग विषयों में संभावित Professional Fields के बारे में उन्हीं Fields में कार्यरत Professionals द्वारा जानकारी देने हेतु विशेष Seminars का आयोजन करवाया गया | इसी क्रम में विद्यालय में Career fest का भी आयोजन किया गया जिसमें लगभग 32 universities के प्रमुखों ने विद्यार्थियों तथा अभिभावकों को भविष्य में career संबंधी परामर्श देकर

उनका मार्गदर्शन किया | इसके अतिरिक्त English Debate Cum Public Speaking Workshop का आयोजन किया गया | इसके साथ ही विद्यार्थियों के उन्नत भविष्य के लिए विद्यालय द्वारा IIT, NEET, NDA, SAINIK SCHOOL आदि में सफलता प्राप्त करने हेतु COACHING CLASSES का भी प्रावधान किया जा रहा है |

सत्य ही कहा है कि शिक्षा स्कूल के बंद कमरों में ही नहीं मिला करती है बल्कि प्रकृति के सानिध्य में और आसपास के वातावरण तथा गतिविधियों से भी प्राप्त होती है | इसी को ध्यान में रखते हुए स्कूल की ओर से हर वर्ष Educational Tours और Field Trip का आयोजन किया जाता है ताकि छात्रों को Practical Exposure मिल सके। इसी कड़ी में इस बार विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण करवाकर प्रायोगिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया गया | विद्यालय के कक्षा ग्यारहवीं व बारहवीं के Non-Medical Students को IIT Jammu तथा Medical Students को SMVD College of Nursing तथा SMVD Narayana Super Speciality Hospital Katra का भ्रमण करवाया गया | कक्षा नवीं तथा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों को War Memorial तथा Capt. Vikram Batra Hostel के Motivational Hall का भ्रमण करवाया गया | समावेशी शिक्षा (Inclusive Education) को बढ़ावा देने हेतु कक्षा छठी के विद्यार्थियों को Asha Milap Project के अंतर्गत Dhruva Asha School में ले जाया गया | चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग का

सीधा प्रसारण भी विद्यार्थियों और अभिभावकों को विद्यालय में ही दिखाकर उनके मनोबल को बढ़ाते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई | इसके साथ ही रामकृष्ण मिशन द्वारा चलाए जा रहे 3 Years Graded value Education Programme को हमारे स्कूल में छठी ,सातवीं और आठवीं कक्षा के लिए प्रत्येक शनिवार को आयोजित की जा रही है जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक करके अपने पैरों पर खड़े होने में सक्षम बनाकर उन्हें एक सशक्त नागरिक बनाना है |

हमारा मानना है कि-

राह संघर्ष की जो चलता है, वो ही संसार को बदलता है।
जिसने रातों से जंग जीत ली, सूर्य बनकर वही निकलता है ||

स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है । खेल छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अति आवश्यक है और इसी को ध्यान में रखते हुए स्कूल की ओर से शिक्षा के साथ गेम्स एण्ड स्पोर्टस को विशेष प्राथमिकता दी जाती है। इसके अंतर्गत स्कूल विभिन्न स्तरों पर छात्र खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित करता है | इसी क्रम में विद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों की प्रतिभा को और अधिक निखारने के लिए विभिन्न खेलों जैसे Fencing , Volley Ball , Badminton , Table Tennis आदि के लिए Coaches की नियुक्ति की है |यह बताते हुए हर्ष

के साथ गर्व की अनुभूति हो रही है कि हमारे विद्यालय के कक्षा नवीं के छात्र प्रभदीप सिंह ने दक्षिण अफ्रीका में आयोजित पाँचवें टेनिकोट विश्वकप में तीन बार के विश्व चैम्पियन जर्मनी के खिलाड़ी को हराकर स्वर्ण पदक जीता | हमारे प्यारे युवाखिलाड़ी प्रभदीप सिंह ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए टेनिकोट खेल जगत में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन कर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर एक सच्चे चैम्पियन खिलाड़ी के रूप में अपने आप को स्थापित कर दिया है |

ए०पी०एस० उधमपुर के लिए यह गर्व का क्षण है कि हमारे विद्यालय की छात्रा सुश्री धैर्या जंडियाल ने शेर-ए-कश्मीर इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स श्रीनगर में आयोजित चौथी योगासन खेल चैंपियनशिप में भाग लिया और विद्यालय को गौरवान्वित किया जिसमें - जूनियर Category ( Artistic) girls में -Gold Medal तथा जूनियर Category (Traditional) girls में – Bronze Medal प्राप्त करके राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हुई |

1 दिसंबर से 4 दिसंबर 2022 तक गुड़गाँव में आयोजित 26वीं ओकिनावा मार्शल आर्ट National Championship में कक्षा आठवीं के मारुति यल्लप्पा माली ने Under -14 की केटेगरी में एक स्वर्ण पदक, रजत पदक तथा एक कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया | साथ ही छात्र पूरण सिंह ने 3rd District Level Karate Championship में 2 गोल्ड मेडल जीते हैं | इसी क्रम में हमारे विद्यालय की कक्षा 12वीं की छात्रा

सिमरलीन कौर ने नासिक में आयोजित 17 वीं राष्ट्रीय फेंसिंग चैंपियनशिप में भाग लेकर विद्यालय की गरिमा में चार चाँद लगा दिए |

16 से 18 मई, 2023 तक जयपुर में आयोजित नेशनल स्पीड बॉल चैंपियनशिप में विद्यालय के खिलाड़ियों ने एक गोल्ड, एक सिल्वर और तीन ब्रोंज मेडल जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया | इसी प्रकार Rifle Shooting में स्कूल के खिलाड़ियों सार्थक सिंह दिगारी और आदित्य सिंह मन्हास का State Level के लिए चयन हुआ और उज्जैन में आयोजित Taekwondo Championship में स्कूल की छात्रा आशवी ने गोल्ड मैडल जीता, जो गर्व की बात है |

हमारे विद्यालय ने Northern Command Football , Badminton , Cricket तथा Hockey में BOYS और GIRLS दोनों वर्गों में Trophy जीतकर अपना वर्चस्व बनाए रखा |

हमारे विद्यालय में NCC का स्वर्णिम इतिहास रहा है। लगभग हर साल "Republic Day Parade Camp के लिए NCC Cadets का चयन होता ही रहा है। विद्यालय की NCC CADET अरण्या शर्मा पूरे जम्मू-कश्मीर की एकमात्र NCC GIRL CADET है जिसने नई दिल्ली में NATIONAL REPUBLIC DAY PARADE में भाग लेकर जम्मू-कश्मीर का प्रतिनिधित्व किया | वहीं महानिदेशालय राष्ट्रीय कैडेट कोर द्वारा आयोजित ऑल इंडिया

**थल सैनिक कैंप हेतु हमारे विद्यालय की दो GIRL CADETS नीलाक्षी और रेशमा साहू का चयन हुआ, जो हम सबके लिए गौरव का विषय है |**

**विद्यालय की NCC ANO , Mrs Meenakshi तथा दो Girl Cadet ने पपरोला में आयोजित Himachal Trek में भाग लिया जिसमें Cadet Manika ने Essay Writing में Gold Medal तथा Cadet Rashika ने Dance Competition में Silver Medal प्राप्त किया |**

**जून से सितम्बर 2023 तक नगरोटा में आयोजित एन सी सी कैंप में हमारे स्कूल के 12 Boys तथा 20 Girl Cadets ने भाग लिया। स्कूल की Girl Cadets ने यहाँ भी अपनी छाप छोड़ते हुए वॉलीबॉल, Tug of War और Dance में उप्लब्धियाँ हासिल कीं |**

**अपने छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को पहचान कर तराशने व संवारने का सटीक कार्य शिक्षक ही कर पाता है। इसलिए देश-काल-परिस्थिति के अनुसार शिक्षकों का शिक्षा एवं खेल जगत में आधुनिक तकनीकों से अपडेट होना अत्यंत आवश्यक है। इसी परिप्रेक्ष्य में स्कूल से लेकर कमांड और राष्ट्रीय स्तर FDRC जैसे महत्त्वपूर्ण संस्थानों द्वारा अपने शिक्षकों को समय-समय पर अपडेट रखने के लिए विभिन्न Work Shops का आयोजन किया जाता है। शिक्षकों में Creative & Critical Thinking Skills को बढ़ावा देने के लिए विद्यालय में दो दिवसीय सी बी एस ई कार्यशाला का आयोजन किया गया |**

विद्यार्थियों की सुरक्षा किसी भी विद्यालय में नितांत आवश्यक होती है। इसको विशेष ध्यान में रखते हुए स्कूल द्वारा समय-समय पर Security Mock Drill अपनी सम्मानित आर्मी यूनिटों द्वारा आयोजित की जाती है।

हमारे जीवन का मूलमंत्र ही है-

सर्वे भवन्तु सुखिनः , सर्वे सन्तु निरामयाः ।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु , मा कशचिद् दुःख भाग्भवेत्।

मानव जिस समाज में रहता है, उस समाज के उत्थान के लिए सतत प्रयत्नशील रहता है। विद्यांजलि कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय ने Govt. Middle School Sansoo को **Adopt** किया और पेंटिंग व खेल गतिविधियों का आयोजन करके उनके मनोबल को बढ़ाया गया | इसके साथ ही विद्यालय ने शिक्षक दिवस, मजदूर दिवस, मदर्स डे, Green Earth Day, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जैसे महत्त्वपूर्ण दिवसों का आयोजन कर सामाजिक जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम बढ़ाया है | बसोली स्थित

सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन विश्वस्थली में स्वामी विवेकानंद जयंती पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यालय के 18 प्रतिभागियों ने भाग लिया और बसोली पेंटिंग Overall Trophy तथा Symposium में प्रथम स्थान प्राप्त किया जो विद्यालय के सामाजिक सरोकार को दर्शाता है |

राजभाषा हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए विद्यालय में हिंदी पखवाड़ा मनाया गया। इसके अंतर्गत हिंदी की विभिन्न विधाओं पर आधारित कार्यक्रम व नाट्यमंचन प्रस्तुत किए गए | हिंदी कौशल एवं नवाचार प्रदर्शनी theme के अंतर्गत पहली बार हिंदी प्रदर्शनी का भव्य आयोजन विद्यालय द्वारा किया गया जिसकी अभिभावकों द्वारा भूरी – भूरी प्रशंसा की गई | फलस्वरूप 20 से 22 नवंबर , 2023 तक अन्य विषयों की भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है |

किसी भी स्कूल के सर्वांगीण विकास के लिए जहां एक तरफ कुशल शिक्षकों और होनहार छात्रों की आवश्यकता होती है तो वहीं दूसरी तरफ़ Effective Teaching- learning प्रक्रिया के लिए बुनियादी ढांचे के Upgradation की भी आवश्यकता होती है। विद्यालय का भव्य भवन , अध्यापन कार्य हेतु तकनीकी संसाधनों सहित खेल के मैदान आदि के साथ साथ अन्य सुख - सुविधाओं की भी आवश्यकता होती है ताकि छात्रों को उत्कृष्ट वातावरण मिल सके। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए विद्यालय प्रशासन समय-समय पर नवनिर्माण के कार्यों को अंजाम देता रहा है जैसा कि आप सब देख रहे

हैं पिछले वर्षों में हाईटेक लाइब्रेरी , नवीनतम तकनीकी पर आधारित बास्केटबॉल कोर्ट का निर्माण हुआ था , वहीं इस वर्ष भी पुनर्निर्माण का कार्य भी प्रगति पथ पर अग्रसर है। छात्रों को उच्चस्तरीय नवीनतम तकनीक पर आधारित अनेक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं , जिसमें मुख्यत:

**स्मार्ट क्लासरूम, Modern Science Labs , ATL , E-Library , Clean Drinking Water Fecility के लिए R.O Plant एवं Water Point का अपग्रेडेशन तथा सिंथेटिक कोर्ट और ऑडिटोरियम का अपग्रेडेशन भी शामिल है।**

**अभी तक हमने जो उपलब्धियाँ अर्जित की हैं , वह निश्चय ही हमारे लिए उत्साहवर्धक हैं लेकिन मैं आप सबको इस मंच से आश्वासन देना चाहता हूँ कि हम अपनी इन उपलब्धियों से संतुष्ट होकर नहीं बैठेंगे अपितु इनसे उत्साहित होकर हम निरंतर परिश्रम करते हुए नित्य नई ऊँचाइयों को छुएँगे ।**

**सम्मानित मुख्य अतिथि महोदय एवं सभा मंडप में उपस्थित**

**अभिभावकगण ,**

**अपनी वाणी को विराम देने से पूर्व मैं आप सभी का हृदय से आभारी हूँ कि आपने अपने अत्यंत व्यस्ततम् कार्यक्रमों से समय निकालकर हम सभी को अपने आशीर्वचनों से अभिसिंचित किया है ।**

**मेरे मन का यही भाव है कि-**

**कतरा - कतरा समंदर हो जाएगा , यह ज्ञान न था |**
**मुट्ठी में कैद अम्बर हो जाएगा , यह अनुमान न था।**
**आप सबके ज़ज्बे को नमन करता हूँ , मेरे मित्रों |**
**अन्यथा कार्यक्रम को सफल बनाना ,**
**हमसब के लिए इतना आसान न था |**

मुझे आशा है कि हमारे बच्चों द्वारा प्रस्तुत Annual Function के शुभ अवसर पर ‘ वसुधैव कुटुम्बकम् ’ Theme पर आधारित कार्यक्रम आपके जीवन के लिए सुनहरा पल साबित होगा और दीर्घकाल तक अविस्मरणीय रहेगा। मैं अपने विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों का , जिन्होंने इस कार्यक्रम को अपने अथक प्रयास से सफल बनाने के लिए यथासंभव योगदान दिया है, उन सबका भी हृदय से हार्दिक अभिनंदन करता हूँ |

आप सभी को कोटि -कोटि धन्यवाद |

जय हिन्द ,जय भारत |